**SAMPLE PAPER -2**

**STD – XII**

**HINDI**

| |
|---|
| 1. इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं – अ और ब I |
| खंड ' अ ' में वस्तुपरक और खंड ' ब ' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं |
| 2. खंड अ में कुल 6 प्रश्न हैं I खंड ब में कुल 8 प्रश्न हैं |
| 3. दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है । |

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 80

खंड 'क' अपठित अंश

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [10]

बोलने का विवेक, बोलने की कला और वाक्पटुता व्यक्ति की शोभा है, उसका आकर्षण है I सुबुद्ध वक्ता अपार जनसमूह का मन मोह लेता है I मित्रों के बीच सम्मान और प्रेम का केंद्र बिंदु बन जाता है I जो लोग अपनी बात को राई का पहाड़ बनाकर उपस्थित करते हैं, वे एक ओर जहाँ सुनने वाले के धैर्य की परीक्षा लिया करते हैं, वहीँ अपना और दूसरे का समय भी अकारण नष्ट किया करते हैं I विषय से हटकर बोलने वालों से, अपनी बात को अकारण खींचते चले जाने वालों से तथा ऐसे मुहावरों और कहावतों का प्रयोग करने वालों से जो उस प्रसंग में ठीक ही न बैठ रहे हों, लोग ऊब जाते हैं I

वाणी का अनुशासन, वाणी का संयम एवंग संतुलन तथा वाणी की मिठास ऐसी शक्ति है, जो हर कठिन स्थिति में हमारे अनुकूल ही रहती है और जो मरने के पश्चात् भी लोगों की स्मृतियों में हमें अमर बनाये रहती है I हाँ, बहुत कम बोलना या सदैव चुप लगाकर बैठे रहना भी बूरा है I यह हमारी प्रतिभा और तेज को कुंद कर देता है I ऐसा व्यक्ति गुफा में रहने वाले उस व्यक्ति की तरह होता है, जिसे बहुत दिनों के बाद प्रकाश में आने पर भय लगने लगता है I अतएव कम बोलो, सार्थक और हितकर बोलो I यही वाणी का तप है I

प्रश्न

I. बोलने का विवेक, बोलने की कला और वाक्पटुता व्यक्ति की क्या है ?
(क) शोभा (ख) गहना (ग) खान (घ) धन

II. सुबुद्ध वक्ता किसका का मन मोह लेता है ?
(क) लता (ख) वन (ग) अपार जनसमूह (घ) धन

III. लोग किससे ऊब जाते हैं ?
(क) विषय से हटकर बोलने वालों से (ख) उच्च वाणी बोलने वालों से
(ग) मधुर वाणी बोलने वालों से (घ) कठोर वाणी बोलने वालों से

IV. मित्रों के बीच कौन सम्मान और प्रेम का केंद्र बिंदु बन जाता है?
(क) बोलने की कला रखने वाला (ख) सबसे लड़ने वाला
(ग) कपट करने वाला (घ) धन कमाने वाला

V. गद्यांश के अनुसार, किस प्रकार की बोली या भाषा पसंद नहीं की जाती ?
(क) मधुर (ख) राई को पहाड़ बनाकर (ग) धीरे-धीरे (घ) ऊँची

VI. किस प्रकार की भाषा व्यक्ति को लोकप्रिय एवं अमर बनती है ?
(क) अहंकारपूर्ण (ख) विवेकयुक्त (ग) क्रोधपूर्ण (घ) चटपटी

VII. अत्यधिक कम बोलना गुण नहीं, बल्कि क्या है ?
(क) शान (ख) अवगुण (ग) विद्या (घ) धन

VIII. वाणी का ताप किसे कहा गया है ?
(क) हितकर वाणी (ख) मधूर वाणी (ग) सुन्दर वाणी (घ) गभीर वाणी

IX. 'जनसमूह' शब्द का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम बताइए I
(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व (ग) अव्ययीभाव (घ) कर्मधारय

X. प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक लिखिए I
(क) बातचीत की कला (ख) धन कमाने की कला
(ग) मित्र बनाने की कला (घ) घर बसाने की कला

2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए I[1X5 =5]

ये अंजन नदी की नावें
जादू के-से पाल
उड़ाती
आती
मंथर चाल I
नीलम पर किरणों

की सांझी
एक न डोरी एक न मांझी,
फिर भी लाड निरंतर लाती
सेंदुर और प्रवाल !
कुछ समीप की कुछ सुदूर की,
कुछ चन्दन की कुछ कपूर की,
कुश में गेरू, कुछ में रेशम
कुछ में केवल जाल I
ये अनजान नदी की नावें
जादू के-से पाल
उड़ाती
आती
मंथर चाल I

प्रश्न

1) नदी की चाल कैसी है?

(क) तीव्र (ख) मंथर (ग) मध्यम (घ) गतिशील

2) कवि ने "अनजान नदी की नावें" किसके लिए प्रयुक्त किया है?

(क) देश के प्रहरी (ख) दुश्मन (ग) मित्र (घ) प्रगति

3) "नीलम पर किरणों की सांझी" से कवि क्या कहना चाहता है?

(क) आकाश के तारे (ख) बाग़ की चिड़िया
(ग) सूरज की किरणें (घ) प्रतिकूलता में अनुकूलता

4) नदी की नावों में क्या भरा हुआ है?

(क) गेरू और रेशम (ख) पत्ता और डाल (ग) धान (घ) सोना

5) काव्यांश के अनुसार, अनजान नदी की नावों की क्या विशेषता है ?

(क) सुरक्षा (ख) नदी का पानी (ग) धीरे -धीरे विचारों में बदलाव (घ) घर

**अथवा**

चिड़ियों को लखी समझाओं
की पिंजरे के बाहर
धरती बड़ी है, निर्मम है,
वहाँ हवा में उसे
अपने जिस्म की गंध तक नहीं मिलेगी I
यूँ तो बाहर समुद्र में, नदी है, झरना है,
पर पानी के लिए भटकना है,
यहान्कतोरी में भरा जाल गटकना है I
बाहर डेन का टोटा है
यहाँ चुग्गा मोटा I
बाहर बहेलिया का डर है
यहाँ निर्द्वंद्व कंठ–स्वर है I
फिर भी चिड़िया मुक्ति का गा गाएगी,
मारे जाने की आशंका से भरे होने पर भी
पिंजरे से जितना अंग निकर सकेगा, निकलेगी,
हर सू जोर लगाएगी
और पिंजरा टूट जाने या खुल जाने पर उड़ जाएगी I

प्रश्न

1) पिंजरेके बाहर की धरती कैसी है ?
   बड़ी और निर्मम
2) कवि चिड़िया को संसार की किस वास्त्विक्ता से अवगत करना चाहता है ?
   (क) मारे जाने की आशंका (ख) गरीबी
   (ग) गाना बंद होने की आशंका (घ) सोना गंवाने की आशंका
3) बाहर की दुनिया में सुखों का अभाव तथा प्राणों पर संकट होने के वावजूद चिड़िया मुक्त होना क्यों चाहती है ?
   (क) मुक्ति का आनंद पाने (ख) भोजन मिलने

(ग) साथियों से मिलने का अवसर (घ) गम प्राप्त करने

4) कविता में चिड़िया किस का प्रतीक है ?

(क) स्वतंत्रता (ख) पराधीनता (ग) सुख (घ) दुःख

5) काव्यांश के माध्यम से कवि क्या सन्देश देना चाहता है ?

(क) स्वतंत्रता का सुख (ख) पराधीनता का दुःख
(ग) घर का सुख (घ) इनमे से कोई नहीं

## कार्यालयीन हिंदी और रचनात्मक लेखन

3 .निम्नलिखित में से निर्देशंसार विकल्पों का चयन कीजिए – [5 ]

(क) मीडिया को समाज का कौन सा स्तम्भ माना जाता है ?
क 1 ख 2 ग 3 घ 4

(ख) पत्रकारिता में सबसे पहला काम क्या होता है ?
(क) सुचना का संरक्षण (ख) सूचना का संग्रह
(ग) सूचना का आदान–प्रदान (घ) सूचना का प्रसारण

(ग) जन संचार के मूल तत्व क्या है ?
(क) स्रोत (ख) डी कोडिंग (ग) प्रसारण (घ) संरक्षण

(घ) पत्रकार का दायित्व क्या होता है ?
(क) समाज को जागरूक बनाना (ख) धन बांटना
(ग) सत्य की जांच करना (घ) ज्ञान देना

(च ) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं ?
(क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 7

## पाठ्य पुस्तक

4 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [5]

कविता एक खिलना है फूलों के बहाने

कविता का खिलना भला फूल क्या जाने !

बाहर भीतर

इस घर ,उस घर

बिना मुरझाए महकने के माने

फूल क्या जाने ?

कविता एक खेल है बच्चों के बहाने

बाहर भीतर

यह घर , वह घर

सब घर एक कर देने के माने

बच्चा ही जाने I

(क) कविता चिड़िया के बहाने क्या है ?

(क) उड़ान (ख) गीत (ग) लोरी (घ) घर

(ख) बच्चों के बहाने कविता क्या है ?

(क) उडान (ख) खेल (ग) पुस्तक (घ) प्रेरणा

(ग) कविता का खिलना कौन नहीं जान पाता ?

(क) फूल (ख) माली (ग) ग्राहक (घ) पाठक

(घ) कौन बिना मुरझाए महकता है ?

(क) चंदा (ख) नदी की धारा (ग) फूल (घ) गुण

(च) सब घर एक कर देने का माने कौन जानता है ?

(क) बच्चा (ख) माली (ग) मालिक (घ) फूल

5 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [ 5 ]

पैसा पवार है I पर उसके सबूत में आस-पास मॉल-टाल न जमा हो तो वह खाक पावर है !

पैसे को देखने के लिए बैंक –हिसाब देखिए, पर माल –असबाब मकान –कोठी तो अनदेखे भी देखते हैं I पैसे की उस ' परचेजिंग पावर ' के प्रयोग में ही पावर का रस है I लेकिन नहीं I लोग संयमी भी होते हैं I वे फ़िजूल सामन को फ़िजूल समझते हैं I वे पैसा बहाते नहीं हैं और बुदधिमान होते हैं I बुद्धि और संयमपूर्वक वह पैसे को जोड़ते जाते हैं , जोड़ते जाते हैं I वह पैसे की पावर को इतना निश्चय समझते हैं कि उसके प्रयोग की उन्हें दरकार नहीं है I बस खुद पैसे से जुड़ा होने पर उनका मन गर्व से फूला रहता है I

1. वास्तविक रूप में पवार किसे बताया गया है ?

(क) पैसा (ख) कलम (ग) पुस्तक (घ) प्रेरणा

2. पैसे की पावर का रस किस में है ?

(क) बाजार (ख) खेल (ग) परचेजिंग पावर (घ) मालिक

3. पैसों के प्रति कुछ लोगों का स्वभाव कैसा होता है ?

(क) संयमपूर्ण (ख) बेखबर (ग) उदारतापूर्ण (घ) कंजूसी

4 कुछ बुद्धिमान लोग पैसा कैसे जोड़ते हैं ?

(क) सयंमपूर्वक (ख) न खा कर (ग) चोरी करके (घ) गवन करके

5 खुद पैसे से जुड़ा होने पर उनका मन कैसा रहता है ?

(क) गर्व से फूला (ख) अहंकार से ग्रसित (ग) नजरों से दबा (घ) मुरझाया

पूरक पुस्तक [1 X 10 = 10 ]

6 (I) यशोधर बाबू कैसे व्यक्ति थे ?

(क) संस्कारी (ख) क्रोधी (ग) गुणी (घ) दबंग

(II) यशोधर बाबू को कोई भी बात गलत लगने पर क्या कहा करते थे ?

(क) समहाउ इम्प्रोपर (ख) धत (ग) प्रभजी (घ) किशन दा

(III) यशोधर बाबू का बड़ा बेटा कितना प्रति माह कमाता था ?

(क) 1500 (ख) 700 (ग) 900 (घ) 1200

(IV) सिल्वर वेडिंग के लेखक कौन हैं ?

(क) मनोहर श्याम जोशी (ख) गुरु घंटाल (ग) प्रेमचंद (घ) महादेवी

(V) वर्तमान युग में बदलते जीवन मूल्यों की कहानी कौन सी है ?

(क) बाजार दर्शन (ख) डायरी का एक पन्ना (ग) जूझ (घ) सिल्वर वेडिंग

(VI) 5 बजे दफ़्तर की छुट्टी के बाद कौन सा मंदिर जाते हैं ?

(क) चोख्म्बा (ख) बिडला (ग) साईं (घ) विनायक

(VII) आनंदा के परिवार में कुल कितने सदस्य हैं ?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

(Viii) दत्ता जी गाँव के कैसे आदमी थे ?

(क) लड़ाकू (ख) प्रभावशाली (ग) शांत (घ) समझदार

(IX) आनंदा को क्या लिखने की लगन थी?

(क) कविता (ख) कहानी (ग) नाटक (घ) निबंध

(X) जूझ कहानी के लेखक कौन हैं ?

(क) आनंद यादव (ख) ओम्म थानवी (ग) सुरेश राय (घ) महादेवी

## खंड – ब ( वर्णनात्मक )

.

7.साक्षरता निकेतन, रामबाग, इलाहबाद को एक सहायक अध्यापक के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता कम से कम स्नातक तथा बी.एड. किये हुए एक व्यक्ति की आवश्यकता है। आप रागिणी मेहता की ओर से एक आवेदन पत्र संस्था के निदेशक को लिखिए I [5]

अथवा

अमर उजाला समाचार पत्र में हिंदी अधिकारी का एक पद रिक्त है I इस संबंध में अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए एक आवेदन पत्र लिखिए I

8.भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से संसाधनों के उचित प्रयोग के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कीजिए I
[5]

अथवा

रेवेंशा विश्वविद्यालय में स्नातकोतर प्रवेश कार्यक्रम जारी होने सम्बन्धी एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए I

9 .पत्रकारिताक की परिभाषा देते हुए उसके प्रकार स्पष्ट कीजिए I
[5]

10 .शब्दकोष में शब्दों का संकलन किस प्रकार किया जाता है। उसके प्रयोग के सामान्य नियम क्या हैं?
[5]

अथवा

शब्दकोष की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों को लिखिए I

11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए - [6]

(क) कविता क्या है ?

(ख) फूल की मौलिक विशेषता क्या है?

(ग) सहर्ष स्वीकारा है पाठ का प्रतिपाद्य लिखिए I

12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए - [4 ]

(क) कवितावली के आधार पर भाई का प्रेम किस प्रकार प्रदर्शन हुआ है ?
(ख) कविता के बहाने के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?
(ग) उषा कविता शिल्प सौन्दर्य लिखिए I

13 .निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए । [ 6 ]

(क) बाजार दर्शन पाठ में निहित सन्देश लिखिए

(ख) पहलवान की ढोलक पाठ का प्रतिपाद्य लिखिए I

(ग) भक्तिन की बेटी पर पंचायत द्वारा पति थोप देने की घटना के विरोध में टिपण्णी लिखिए I

14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए । [4]

(क) बच्चों के जयकारा सुनकर ग्रामीण स्त्रियों और लड़कियों पर क्या प्रतिक्रिया हुई ?

(ख) लेखक ने क्यों कहा कि मन खाली हो ,तब बाजार न जाओ ?

(घ) लुटटन पहलवान ने ढोल को अपना गुरु क्यों कहा ?

--------***--------